प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

दिनांक : 06.11.2025 समय : 07.10AM

मुख्य समाचार :–

- बिहार विधानसभा चुनाव में आज पहले चरण के लिये 18 जिलों में मतदान।
- प्रधानमंत्री कल नई दिल्ली में करेंगे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के स्मरण उत्सव का शुभारंभ।
- लंदन में चल रहे वर्ल्ड ट्रैवल मार्ट में रही मध्यप्रदेश की प्रभावी उपस्थिति।
- शाजापुर की अनुज्ञा शर्मा ने जापान में एशियाई चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक।

बिहार मतदान

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में आज 18 जिलों के 121 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। इनमें पटना, वैशाली, नालंदा, भोजपुर, मुंगेर, सारण, सीवान, बेगूसराय, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मधेपुरा और सहरसा शामिल हैं। मतदान सवेरे 7 बजे शुरू होकर शाम 6 बजे तक चलेगा। सुरक्षा कारणों से सिमरी बख्तियारपुर, महिषी, तारापुर, मुंगेर, जमालपुर और सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र के 56 मतदान केंद्रों पर मतदान शाम 5 बजे समाप्त हो जाएगा।

स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। मतदान प्रक्रिया की निगरानी के लिए एक अत्याधुनिक नियंत्रण केंद्र स्थापित किया गया है।

प्रधानमंत्री : वंदे मातरम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले एक वर्ष के स्मरणोत्सव का उद्‌घाटन करेंगे।

संस्कृति मंत्रालय राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में उद्‌घाटन समारोह का आयोजन करेगा। यह आयोजन कल से अगले वर्ष 7 नवंबर तक चलने वाले एक वर्ष के राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव का औपचारिक शुभारंभ होगा। यह स्मरणोत्सव इस कालातीत रचना के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाएगा जिसने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित किया और राष्ट्रीय गौरव एवं एकता का अलख जगाता रहा है।

राज्यपाल–समिति

राज्यपाल मंगुभाई पटेल से अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण संबंधी संसदीय समिति के सदस्यों ने कल राजभवन में सौजन्य भेंट की। श्री पटेल ने संसद के दोनों सदनों में अनुसूचित जातिऔर जनजाति के प्रतिनिधित्व के संबंध में जानकारी ली। समिति के मध्यप्रदेश प्रवास और कार्यों के संबंध में विचार–विमर्श किया। इस दौरान अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण संबंधी संसदीय समिति के अध्यक्ष फग्गन सिंह कुलस्ते ने बताया कि समिति अनुसूचित जाति जनजातियों के प्रतिनिधित्व की स्थिति के अध्ययन के लिए 03 नवंबर से 07 नवंबर तक मध्यप्रदेश और गोवा राज्य के भ्रमण पर है। समिति द्वारा शासन के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, संगठनों और स्वशासी संस्थाओं का अध्ययन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री–एल.मुरूगन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से केंद्रीय सूचना – प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य सरकार की उपलब्धियों से केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरूगन को अवगत कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में आरंभ होने वाले आकाशवाणी केंद्र के संबंध में केंद्रीय राज्य मंत्री से चर्चा की। भेंट के दौरान दूरदर्शन समाचार द्वारा भोपाल में दिसंबर में आयोजित किए जा रहे डी.डी. कॉन्क्लेव के संबंध में भी चर्चा हुई।

## जीएसटी

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी उत्सव के अंतर्गत लागू की गई संशोधित जी.एस.टी. दरों से देशभर के कई क्षेत्रों में लोगों को लाभ हो रहा है। आज हम आपको बताएंगे कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से किस तरह इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग क्षेत्र में तेजी आ रही हैं।

बाइट–संवाददाता

नए जीएसटी सुधारों ने प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर करों में कमी करके इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र को महत्वपूर्ण राहत प्रदान की है। मॉनिटर और प्रोजेक्टर पर जीएसटी की दरें 28þ टैक्स लैब से घटाकर 18þ कर दी गई है जिससे स्कूलों और कार्यालय का खर्च कम हुआ है इसके साथ ही एयर कंडीशनर डिशवॉशर और टेलीविजन सहित विभिन्न घरेलू इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर जीएसटी घटाकर 18þ कर दिया गया है जिससे लोगों के लिए घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स किफायती हो गए हैं। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर जीएसटी दरों को युक्ति संगत बनाने से लागत कम हुई है, पूरे क्षेत्र में मांग बढ़ी है और घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को भी बल मिला है। शिवांग मिश्रा की रिपोर्ट के साथ आदर्श, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

## मांडविया–पाकिस्तान

श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि पाकिस्तान ने लगातार शत्रुता और सीमा पार आतंकवाद से सिंधु जल संधि की भावना को कमज़ोर किया है। वे कल दोहा में सामाजिक विकास के लिए द्वितीय विश्व शिखर सम्मेलन के पूर्ण सत्र में भारत का राष्ट्रीय वक्तव्य दे रहे थे। श्री मांडविया ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत की परियोजनाओं में बाधा डालने के लिए संधि तंत्र का बार–बार दुरुपयोग किया है। उन्होंने कल पाकिस्तान के राष्ट्रपति द्वारा भाषण में भारत के बारे में रखे गए कुछ अनुचित संदर्भों पर कड़ी आपत्ति जताई।

श्री मांडविया ने इसे भारत के खिलाफ दुष्प्रचार फैलाकर दुनिया का ध्यान सामाजिक विकास पर केंद्रित करने से हटाने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मंच का दुरुपयोग बताया।

## वर्ल्ड ट्रैवल मार्ट लंदन

मध्यप्रदेश ने दुनिया के प्रभावशाली यात्रा और पर्यटन आयोजन, वर्ल्ड ट्रैवल मार्ट लंदन 2025 में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई है। मध्यप्रदेश पैवेलियन का उद्घाटन यूनाइटेड किंगडम में भारत के उप उच्चायुक्त कार्तिक पांडे ने किया। वर्ल्ड ट्रैवल मार्ट में राज्य का प्रतिनिधिमंडल, यात्रा और आतिथ्य क्षेत्र के हितधारकों के साथ मिलकर, राज्य की समृद्ध विरासत, वन्य जीवन, आध्यात्मिकता और जीवंत संस्कृति का प्रदर्शन कर रहा है। दुनिया भर से आए ट्रैवल ट्रेड पार्टनर्स, टूर ऑपरेटर्स और मीडिया प्रतिनिधियों ने पैवेलियन का दौरा किया। यह दिन मध्यप्रदेश प्रतिनिधिमंडल और अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों के बीच इंटरैक्टिव चर्चाओं और भविष्य के सहयोग की संभावनाओं से भरा रहा। विगत 4 नवंबर से प्रारंभ हुए वर्ल्ड ट्रैवल मार्ट का समापन आज होगा।

## एशियाई चैंपियनशिप–कांस्य

जापान के टोक्यो शहर में 2 से 5 नवंबर तक आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश की अनुज्ञा शर्मा ने देश को कांस्य पदक दिलाकर इतिहास रच दिया। चैम्पियनशिप में अनुज्ञा ने अपनी कैटेगरी – 220 में बेहतर प्रदर्शन करते हुए जापान की खिलाड़ी को परास्त कर यह पदक अर्जित किया। उल्लेखनीय है कि कूड़ो खेल में शाजापुर की प्रतिभावान खिलाड़ी अनुज्ञा शर्मा की लगन, कड़ी मेहनत और जुनून की बदौलत मध्यप्रदेश और देश गौरवान्वित हुआ है। कूड़ो एसोसिएशन शाजापुर के सेक्रेटरी एवं कोच राजीव लोचन शर्मा से अनुज्ञा खेल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। राष्ट्रीय स्पर्धाओं में अनुज्ञा ने 4 स्वर्ण, 2 रजत पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया है। इसके अलावा अनुज्ञा ने फेडरेशन कप में 3 स्वर्ण पदक प्राप्त किए हैं।

## पुरुष क्रिकेट

पुरुष क्रिकेट में, भारत आज ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड स्थित कैरारा ओवल में पाँच मैचों की श्रृंखला के चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। यह मैच दोपहर 1:45 बजे शुरू होगा। श्रृंखला फिलहाल 1–1 से बराबरी पर है।

## मौसम

मौसम विभाग के अनुसार मध्य प्रदेश के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम सक्रिय है, जिसके कारण आज कुछ जिलों में बारिश हो सकती है। अगले कुछ दिनों में उत्तर भारत में बर्फबारी और ठंड दोनों बढ़ने की उम्मीद है। इसके प्रभाव से मध्यप्रदेश में भी तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। विभाग ने न्यूनतम तापमान में 3–5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट का भी अनुमान व्यक्त किया है।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बिहार में दूसरे चरण के मतदान के लिए दरभंगा, मधुबनी, गयाजी क्षेत्र में आम सभाओं को संबोधित करेंगे।
- सतना जिले में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 23 नवम्बर से 29 नवम्बर तक रामेश्वरम–मदुरई तीर्थदर्शन की यात्रा प्रस्तावित है। यह यात्रा 23 नवम्बर को प्रस्थान कर 29 नवम्बर को रामेश्वर से वापस लौटेगी। तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 9 नवम्बर निर्धारित की गई है।
- छिंदवाड़ा जिलें में औषधि प्रशासन के निरीक्षण दल ने जिले की तहसील बिछुआ एवं चाँद में मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया।
- मंदसौर में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत मतदाता सूची का घर–घर जाकर सत्यापन किया जा रहा है। यह अभियान आगामी 4 दिसम्बर 2025 तक जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में संचालित होगा।

————————